THE MINISTER OF RAILWAYS (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) and (b). Instructions already exist emphasising the need for Railway Officers, specially the senior ones, to exercise great circumspection in the matter of availing privileges including those relating to use of personal and other staff including Class IV staff working under them. Specific complaints of misuse of staff in their duty hours by the Railway Officers, whenever they are received from genuine complainants, are investigated and necessary action is taken in the light of the results of the investigations. If any specific allegations are brought to notice, action will be taken to inquire into them.

सकरी-हसनपुर रेल मार्ग का बरौनी तक विस्तार किया जाना

1190. **श्री रामजीवन सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्रस्तावित सकरी-हसनपुर रेल मार्ग का बरौनी जंक्शन तक विस्तार करने की योजना तैयार की है; और

(ख) यदि हां, तो उस पर काम कब तक प्रारम्भ हो जाएगा ?

रेल मंत्री (श्री मधु दंडवते) : (क) और (ख). खगरिया होकर हसनपुर रोड पहले से हीब रौनी जंक्शन से जुड़ा हुआ है और हसनपुर रोड तथा बरौनी के बीच सीधे सम्पर्क की व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

Request by Pharmaceutical Industry to relax M.R.T.P. Act and F.E.R.A.

1191. SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS pleased to state:

(a) whether the Pharmaceutical Industry in the organised sector has urged upon the Government to relax Monopolies and Restrictive Trade Practice Act and Foreign Exchange Regulation Act regulations;

(b) if so, the broad outlines thereof; and

(c) what is Government's decision thereon?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA): (a) No such request from the Pharmaceutical Industry in the organised sector to relax MRTP/FERA regulations has been received by the Government so far. However, from some news items, it is gathered that the President of the Organisation of Pharmaceutical Producers of India in its 11th Annual General Meeting has urged upon the Government to have a review and remove certain MRTP/FERA restrictions.

(b) and (c). Do not arise.

बम्बई से असम तक रेल लाइन

1192. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि स्वर्गीय डा० राम मनोहर लोहिया ने देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बम्बई से असम तक भारतीय सेना को शीघ्र से शीघ्र पहुंचाने के लिए ग्वालियर से बाह (जिला आगरा) फरुखाबाद-इटावा होते हुए रेलवे लाइन का निर्माण किये जाने के बारे में अनेक बार लिखा था ;

(ख) क्या सरकार का विचार इस क्षेत्र के पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए ग्वालियर और इटावा के बीच बाह और फरुखाबाद होते हुए रेलवे लाइन बनाने का है ; और

(ग) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ?